रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18112021-231246
CG-DL-E-18112021-231246

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 657] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 18, 2021/कार्तिक 27, 1943
No. 657] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 18, 2021/KARTIKA 27, 1943

## वित्त मंत्रालय

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2021

**सा.का.नि. 806(अ).**—केन्द्रीय सरकार, सिक्का-निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शताब्दी समारोह के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए स्मारक सिक्का जारी करना**) नियम, 2021 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्का का मूल्यवर्ग.- "हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शताब्दी समारोह"** के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के का निर्माण किया जाएगा ।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.–** नियम 2 में उल्लिखित उपरोक्त मूल्यवर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकार और बाह्य व्यास | दांतेदार किनारे की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | **चतुर्थक मिश्र धातु**<br>चाँदी- 50 प्रतिशत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | तांबा- 40 प्रतिशत<br>निकिल- 05 प्रतिशत<br>जस्ता- 05 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.–** सिक्के का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुसार होगा।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.– हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शताब्दी समारोह के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए** उपरोक्त मूल्यवर्ग के बनाए गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगा।

**पहली अनुसूची**

**(नियम 4 देखें)**

**एक सौ रुपये**

**अग्र भाग:**

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**

सिक्के के इस भाग के मध्य में **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के मुख्य भवन** का चित्र होगा। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शताब्दी समारोह"** लिखा होगा। सिक्के के निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY KANPUR CENTENARY CELEBRATIONS"** उत्कीर्णित होगा। **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के मुख्य भवन** के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंको में वर्ष "**1921 - 2021**" में लिखित होगा ।

**दूसरी अनुसूची**

**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात **उपचार** | |
|---|---|---|---|
| | | धातु संयोजन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | 35 ग्राम | चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा । | 1/100वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् भार 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का परिवर्तन हो सकता है। |

[फा. स. 02/11/2021-सिक्का]

मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव (सिक्का एवं मुद्रा)

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economics Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 18th November, 2021

**G.S.R. 806(E).—**In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin to commemorate on the occasion of HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY KANPUR CENTENARY CELEBRATIONS**)** Rules, 2021.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin.-** The coin of One Hundred Rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of **"HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY KANPUR CENTENARY CELEBRATIONS".**

3. **Dimension and composition of coin.**- The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

| Denomination of coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Rupees | Circular<br>44 millimeters | 200 | **Quaternary Alloy**<br>Silver - 50 per cent.<br>Copper - 40 per cent.<br>Nickel - 05 per cent.<br>Zinc - 05 per cent. |

4. **Design.-** The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed.-** The standard weight of the coin of above denomination coined to commemorate the occasion of **HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY KANPUR CENTENARY CELEBRATIONS** and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

**First Schedule**

**(See Rule 4)**

**ONE HUNDRED RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of coin shall bear the image of main building of Harcourt Butler Technical University Kanpur in the centre. The inscription "**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर शताब्दी समारोह**" in Devanagari script is depicted on the upper periphery of the coin and the inscription **"HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY KANPUR CENTENARY CELEBRATIONS"** in English is

depicted on the lower periphery of the coin. The year "**1921-2021**" in international numeral shall be written below the image of main Building of Harcourt Butler Technical University.

**Second Schedule**

**(See Rule 5)**

| Denomination of coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Rupees | 35 Grams | 1/500$^{th}$ plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | 1/100$^{th}$ plus or minus, that is to say weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams. |

[F. No. 02/11/2021-Coin]

MANISHA SINHA, Jt. Secy. (Coin & Currency)

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2021.11.16 20:28:20 +05'30'